हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
मंगलवार
3 फरवरी 2026, बरेली
PAGE NO : 05 MIDDLE

# अन्तर्राष्ट्रीय रोग वर्गीकरण पर कार्यशाला हुई आयोजित



एसआरएमएस में आयोजित कार्यशाला में शामिल चिकित्सक

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में सीबीएचआई लखनऊ के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ।कार्यशाला में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की आईएसएस एवं केंद्रीय स्वास्थ्य सूचना ब्यूरो की उपनिदेशक दीक्षा सचदेवा, अभिषेक सिंह एवं शेष कुमार मौर्या उपस्थित रहे।

कार्यशाला में केजीएमयू लखनऊ के कम्युनिटी मेडिसिन के प्रोफेसर एवं विश फाउंडेशन के कंसल्टेंट डॉ. वीपी श्रीवास्तव ने आईसीडी-11 कोडिंग व स्वास्थ्य सेवाओं में इसके महत्व की प्रतिभागियों को जानकारी दी। कार्यशाला का आयोजन एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह के मार्गदर्शन में हुआ।